**कार्यालय : सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)**

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0गां0न0वि0प्र0प026 / विज्ञ0–01 / 88-92 / 2025–26 दिनांक 06 नवम्बर 2025

# राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा (कक्षा 6 हेतु) एवं पार्श्व प्रवेश परीक्षा (कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 हेतु) 2026

## ::–विज्ञप्ति–::

निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक सेवा–2 / 3 (घ) / 19(01) / 20171 / रा0गां0न0वि0(प्र0प0) / 2025–26 दिनांक 28 अगस्त 2025 के क्रम में प्रदेश के समस्त राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा–06 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 2026 एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून के पत्रांक : सेवा–2 / 3(घ) / 27(01) / 3258–61 / रा0गां0न0वि0 / 2025–26 दिनांक 25 अगस्त 2025 के क्रम में कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 में पार्श्व प्रवेश हेतु पार्श्व प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा किया जा रहा है। शिक्षा सत्र 2026–27 में उत्तराखण्ड राज्य के समस्त जनपदों के राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रवेश एवं कक्षा 7, 8, 9 एवं 11 में पार्श्व प्रवेश चाहने वाले उत्तराखण्ड राज्य में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्रता की शर्तें, आवेदन प्रक्रिया हेतु विस्तृत निर्देश एवं आवेदन पत्र प्रदेश के समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड / उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के साथ–साथ उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTTAL EXAM आइकन पर भी उपलब्ध है। अतः आवेदक उक्त कार्यालयों एवं परिषद् की उक्त वेबसाइट से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूरित आवेदन पत्र छात्र / छात्रा द्वारा अपने अध्ययनरत विद्यालय में दिनांक 13 दिसम्बर, 2025 (शनिवार) तक जमा किया जायेगा। विद्यालयों से पूरित आवेदन पत्र उप / खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि, दिनांक 20 दिसम्बर, 2025 (शनिवार) निर्धारित है। प्रवेश / पार्श्व प्रवेश परीक्षा की सम्भावित तिथि**, दिनांक 15 मार्च, 2026 (रविवार)** निर्धारित की गयी है।

(वी0पी0 सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

---

पृ0स0 : उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0गां0न0वि0प्र0प026 / विज्ञ0–01 / 88-92 / 2025–26 दिनांक उक्तवत।

प्रतिलिपि : निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. निदेशक मा0शि0 उत्तराखण्ड देहरादून / सभापति उ0वि0शि0प0 रामनगर (नैनीताल)।
2. मुख्य शिक्षा अधिकारी समस्त जनपद उत्तराखण्ड।
3. समस्त उप / खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तराखण्ड।
4. समस्त प्राचार्य राजीव गांधी नवोदय विद्यालय उत्तराखण्ड।
5. सम्पादक, अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को 08X10 से0मी0 के साइज में शासकीय दरों पर अपने समाचार पत्रों के ऐसे पृष्ठ पर प्रकाशित करने का कष्ट करें जिसका प्रचार–प्रसार सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में हो। बिल भुगतान हेतु समाचार पत्र की प्रति के साथ दो प्रतियों में जिला सूचना अधिकारी से सत्यापित कराने के बाद इस कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।